हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 अर्जुनी अंचल में दिन-रात हो रही बिजली कटौती…



12 बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप, 840 बूथों …



CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साइन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## हुल्लड़बाजी के बीच युवक प्रार्थिया के घर के दरवाजे के ठीक सामने पटाखे फोड़ रहे थे

# बारात में पटाखा फोड़ने से मना करने पर घर में घुसकर जान से मारने की दी धमकी, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक श्री ओपी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुरानी बस्ती बलौदाबाजार में घटित गाली-गलौज, जबरन घर में घुसने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले मामले के विधि से संघर्षरत एक बालक सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक 27 जून को गिरफ्तार किया गया है। मामले की प्रार्थिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 28.03.2026 को सुबह करीबन 10.30 बजे मोहल्ले में बरात आई हुई थी। बरात में अत्यधिक भीड़ और हुल्लड़बाजी के बीच प्रार्थिया के घर के दरवाजे के सामने पटाखे फोड़े जा रहे थे। जब



प्रार्थिया के भाई महेत्तर पटेल ने सोनू सेन एवं अन्य को वहां पटाखा फोड़ने से मना किया, तो आरोपीगण उग्र हो गए। आरोपियों ने एक राय होकर तुम क्या कर लोगे कहते हुए विवाद शुरू कर दिया और माँ-बहन की अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी जबरन प्रार्थिया के घर के अंदर घुस गए और दोबारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 265/2026 के तहत धारा 296,351(2),333,3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दी दबिश, ये हुए गिरफ्तार

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किया गया। प्रकरण में आज दिनांक 27 जून को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर विधि से संघर्षरत एक बालक सहित 03 आरोपियों को हिरासत में लिया, पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया, जिसके बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। नीरज सेन उर्फ सोनू पिता महेश सेन, उम्र 23 वर्ष, निवासी- पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, थाना सिटी कोतवाली, गौरव पटेल पिता बलराम पटेल, उम्र 25 वर्ष, निवासी- पुरानी बस्ती बलौदाबाजार, थाना सिटी कोतवाली, विधि से संघर्षरत एक बालक को गिरफ्तार किया गया है।

## बीमार पशुओं के लिए 1962 वरदान कॉल करते द्वार पर पहुंचेंगे डॉक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

पशुपालन और डेयरी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और छत्तीसगढ़ सरकार के पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई संचालित है, जिसके लिए हेल्पलाइन 1962 डायल करके पशु चिकित्सा के लिए अपना जानकारी दे सकते हैं। इसके बाद पशुधन मालिक के दरवाजे पर 1962 वाहन डॉक्टर सहित समय पर उपचार प्रदान करेगा। 1962 डायल के बाद जांच प्रक्रिया-जब दिन के किसी भी समय 1962 आपातकालीन सेवा केंद्र पर पशुधन मालिक से इमरजेंसी कॉल प्राप्त होता है, तो पूछकर बेसिक जानकारी प्राप्त किया जाता है और कॉल करने वाले को उनके निकटतम सरकारी मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक/एम्बुलेंस, अस्पताल तक जानकारी प्रसारित की जाती है। कॉल सेंटर में पशु चिकित्सक आपातकाल के प्रकार का पता लगाता है और या तो ऑनलाइन मेडिकल डायरेक्शन (ओएलएमडी) प्रदान करता है या एम्बुलेंस भेजता है। पशु चिकित्सक के साथ एम्बुलेंस पशुपालक के दरवाजे तक पहुंचती है, बीमार मवेशियों की स्थिति का आकलन करती है और मौके पर ही उपचार प्रदान करती है। इस 1962 सुविधा के लिए राज्य शासन से कई कंपनी ने आपात सेवा देने के लिए अनुबंध किया है, जिसके तहत वे निरंतर काम कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री बालाजी दरबार में भगवान जगन्नाथ का महाअभिषेक



**खरोरा।** श्री बालाजी दरबार, में स्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धापूर्वक महाअभिषेक एवं स्नान कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दिव्य स्नान दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि स्नान पूर्णिमा के उपरांत भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ लीला करते हैं। इसी परंपरा के अनुसार अब रथयात्रा तक भगवान को औषधीयुक्त काढ़े का भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवधि में भगवान विश्राम करेंगे तथा रथयात्रा के दिन पुनः भक्तों को दिव्य दर्शन देंगे। स्नान पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भक्तों ने भगवान जगन्नाथ से समस्त जनमानस के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण, भजन-कीर्तन एवं जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## कैप्सूल वाहन पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल, डायल 112 की टीम ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

27 जून की रात्रि लगभग 09:00 बजे गिधौरी क्षेत्र के अंतर्गत 'वर्मा ढाबा' के पास एक अनियंत्रित कैप्सूल सी जी 07 सी एन 6640 पलटने से बड़ा हादसा हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन के चालक को सिर पर गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर तड़प रहा था। घटना की सूचना मिलते ही आपातकालीन सेवा डायल 112 की टीम ने त्वरित एक्शन लिया। इवेंट मिलते ही बिना एक पल गंवाए आरक्षक क्रमांक 591 पल्लव सिंह एवं चालक रूपेश कुमार साहू अपनी ट्रेड गाड़ी के साथ तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। 'गोल्डन ऑवर' में पहुंचाया अस्पताल, निभाया मानवीय कर्तव्य- दुर्घटना स्थल पर पहुँच कर डायल 112 की टीम ने सबसे पहले सूझबूझ दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल चालक को सुरक्षित वाहन से बाहर निकाला। इस दौरान चालक के सिर से अत्यधिक खून बह रहा था। टीम ने बिना वक्त जाया किए पीड़ित को अपनी गाड़ी में लिटाया और तुरंत नजदीकी बरपाली स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उसका त्वरित इलाज शुरू किया गया।



### सराहनीय कार्य

घने अंधेरे और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आरक्षक पल्लव सिंह और चालक रूपेश कुमार साहू की सजगता, कर्तव्यपरायणता और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण घायल चालक को समय पर (गोल्डन ऑवर में) चिकित्सीय सहायता मिल सकी, जिससे उसकी जान बच पाई। क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने डायल 112 सेवा की इस तत्परता और पुलिस कर्मियों के इस मानवीय चेहरे की खुले दिल से सराहना की है। यह घटना साबित करती है कि संकट के समय डायल 112 आमजन के लिए एक सच्चे मददगार के रूप में सदैव मुस्तैद है। रविवार को कैप्सूल ट्रक को सीधे करने के लिए तीन हाईड्रा क्रेन के मदद से उठाने का प्रयास किया गया। लेकिन कैप्सूल ट्रक लोड होने की वजह से उठा नहीं पाया था और लगातार उठाने का प्रयास जारी था। घटना के समय मौजूद ग्रामीणों ने बताया गया की कैप्सूल चालक शराब के नशे में थे।

## सामूहिक दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का मामला गरमाया, सामने आए पुलिस व पीड़िता के दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कसडोल थाना क्षेत्र में कथित सामूहिक दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग से जुड़े मामले ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक ओर स्वयं को दलित युवती बताने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोप लगाया है कि नौकरी का झांसा देकर उसके साथ दो बार सामूहिक दुष्कर्म किया गया। शिकायत के अनुसार पहली घटना के समय वह नाबालिग थी, जिससे मामला पॉक्सो अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के दायरे में भी आ सकता है। दूसरी ओर कसडोल पुलिस ने पूरे मामले को झूठी शिकायत के माध्यम से 3 लाख रुपये की उगाही की साजिश बताते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 24 जून को शिकायत लेकर थाना कसडोल पहुंचने पर उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। उसका यह भी आरोप है कि उसे और उसके परिजनों को घंटों थाने में बैठाए रखा गया, दबाव बनाकर पूछताछ की गई तथा जेल भेजने की धमकी दी गई। वहीं विभिन्न सामाजिक एवं स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि युवती को करीब दो दिन और दो रात तक पुलिस की निगरानी में रखकर बयान बदलवाया गया। हालांकि, इन आरोपों की अभी स्वतंत्र रूप से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इधर, थाना कसडोल पुलिस ने 28 जून को जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया कि जांच के दौरान कथित पीड़िता ने स्वयं स्वीकार किया कि दुष्कर्म की कोई घटना नहीं हुई थी और कुछ लोगों ने सरपंच एवं बीडीसी सदस्य को झूठे मामले में फंसाकर तीन लाख रुपये की उगाही की साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है।



### मामले ने खड़े किए कई गंभीर कानूनी सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने कई महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यदि शिकायत में पहली घटना के समय पीड़िता के नाबालिग होने तथा उसके अनुसूचित जाति से संबंधित होने के दावे सही हैं, तो प्रारंभिक स्तर पर पॉक्सो अधिनियम और एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई गई या नहीं, यह जांच का विषय है। वहीं यदि पुलिस का ब्लैकमेलिंग का दावा सही है, तो झूठी शिकायत के विरुद्ध कार्रवाई भी कानून सम्मत होगी। फिलहाल मामले में दोनों पक्षों के दावे आमने-सामने हैं। ऐसे में यह प्रकरण निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग करता है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि शिकायत में लगाए गए आरोप सही हैं या पुलिस द्वारा उजागर की गई कथित ब्लैकमेलिंग की कहानी। जांच पूरी होने तक किसी भी पक्ष के दावों को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता।

## हेमकुमार निराला जिला कोषाध्यक्ष और जितेश बघेल जिला सहसचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी





छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा संभाग प्रभारी देवनाथ साहू उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव की अनुशंसा से जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा ने हेमकुमार निराला को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बलौदा बाजार का कोषाध्यक्ष और जितेश बघेल को सहसचिव नियुक्त किए हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बलौदाबाजार के कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, महासचिव तेज कुमार वैष्णव, जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, जिला सचिव चूड़ामणि साहू, जनीराम साहू जिला संगठन मंत्री, कसडोल ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र कश्यप, सचिव प्रदीप कैवर्त, पलारी अध्यक्ष महेन्द्र साहू, सचिव बुद्धेश्वर ध्रुव, रामदयाल साहू, दीपक सारंग, महेंद्र वैष्णव, मीठा लाल चेलक, नंद मल्होत्रा ने शुभकामनाएं दी है।

### झमाझम बारिश से बोनी तेज...



**मुंडा।** लवन तहसील के अंतर्गत डोगरा, डोंगरीडीह, परसापाली, सिंघारी, भालूकौनहा, महानदी के किनारे सभी गांव में लगातार दो रोज से हो रहे बारिश से धान की बोनी का कार्य पूर्णता की ओर हो चुका है। जिससे किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं मुंडा, कोलिहा, बरदा, ढनढनी, जुड़ा, पैजनी, की ओर बारिश नहीं होने के चलते खेतों में बोया गया धान खराब हो गया है जिसके चलते किसान लोग धान बीज तलाशने में लगा हुआ है ताकि बारिश होने पर दूसरा बोनी का कार्य किया गया जा सके।

## व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स से रोजगार व राजस्व बढ़ने की उम्मीद

# अतिक्रमण मुक्त अड़बंधा तालाब किनारे बन रही हैं 50 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में निर्माणाधीन डॉ. भीमराव अंबेडकर व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। मुख्य मार्ग स्थित अडबंधा तालाब के किनारे बन रहा यह कॉम्प्लेक्स न केवल स्थानीय व्यापार को नई दिशा देगा, बल्कि बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएगा।नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे की पहल पर प्रारंभ हुए इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत लगभग 50 व्यवसायिक दुकानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। नगर के विस्तार और बढ़ती आबादी को देखते हुए एक व्यवस्थित व्यवसायिक केंद्र की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। कॉम्प्लेक्स के निर्माण के बाद नगरवासियों को विभिन्न आवश्यक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।बताया जाता है कि अडबंधा तालाब के आसपास शासकीय भूमि पर लगातार अवैध अतिक्रमण बढ़ रहा था। नगर पंचायत परिषद एवं अधिकारियों के प्रयासों से अतिक्रमण हटाकर तालाब के सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के साथ प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा है।



### *चुनौतियों को पार कर आगे बढ़ा प्रोजेक्ट, बढ़ेगी नगर की आय*

*निर्माण कार्य के दौरान कई चुनौतियां भी सामने आईं, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे और नगर पंचायत प्रशासन ने उनका सामना करते हुए परियोजना को आगे बढ़ाया। वर्तमान में निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में उत्साह का माहौल है। नगरवासियों का मानना है कि कॉम्प्लेक्स के पूर्ण होने के बाद यह भटगांव का प्रमुख व्यवसायिक केंद्र बनकर उभरेगा। इससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि होगी, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।*

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप




### प्रेस क्लब में यूसीसी पर परिचर्चा आज

**रायुपर।** मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब सभागार में 28 जून को यूसीसी (समान नागरिक संहिता) पर परिचर्चा और डायलॉग कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अधिकारी इंद्रेश कुमार शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक युनूस कुरैशी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### दानवीर भामाशाह जयंती और सम्मान समारोह आज

**रायपुर।** तैलिक समाज एसोसिएशन द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 28 जून को दानवीर भामाशाह जयंती और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक नारायण लाल साहू ने बताया कि तैलिक वंशीय साहू समाज के दानदाताओं का सम्मान दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सोमनाथ साहू, स्व. मेघराज साहू व स्व. अजय कुमार साहू, टेमन सिंह साहू बोझरा वाले को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाना है। दिवंगतजनों का सम्मान उनके परिजनों को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षा, जल बचाओ और वृक्ष लगाओ अभियान के लिए केपी साहू वरिष्ठ समाजसेवक, समाजसेवा के लिए रामलखन साहू के अतिरिक्त समाजहित में काम करने वाले वरिष्ठ समाजसेवियों को भामाशाह सेवा सम्मान दिया जाना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ डॉक्टर, वरिष्ठ इंजीनियर, वरिष्ठ प्रोफेसर्स के साथ-साथ छग राज्य के सामाजिक विचारक, चिंतक भी शामिल होंगे।

### चैनल पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पं. श्यामाचरण शुक्ल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल के सार्वजनिक जीवन और चरित्र पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर एक चैनल द्वारा एक अत्यंत भ्रामक, तथ्यहीन और मानहानिकारक वीडियो प्रसारित किया गया है। इस कृत्य को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए पं. शुक्ल के समर्थकों सहित वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर द्वारा देश-विदेश में फैले समस्त शुक्ल समर्थकों की ओर से यूट्यूबर और चैनल प्रबंधन के खिलाफ सीधे कड़े कानूनी कदम उठाते हुए उनका यूट्यूब आईडी-चैनल ब्लॉक कराने और आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की सीधी विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त यूट्यूबर ने बिना किसी प्रामाणिक और ऐतिहासिक दस्तावेजों के, केवल सुनी-सुनाई बातों के आधार पर छत्तीसगढ़ की माटी के महान सपूतों की छवि धूमिल करने का घृणास्पद प्रयास किया है।

### ताराचंद निर्मलकर को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** एनसीसी अधिकारी ताराचंद निर्मलकर के आकस्मिक निधन पर उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ड्यूटी पर जाते समय मोटरसाइकिल चलाते हुए हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया था। उनके निधन से एनसीसी परिवार, समाज और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार से पूर्व एनसीसी की ओर से दिवंगत ताराचंद निर्मलकर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुष्पचक्र एवं पुष्पमालाएं अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण वर्चुअल माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाष महतो, सूबेदार रवि कुमार, सूबेदार जगतार सिंह, सूबेदार बिट्टू सिंह नायक, सूबेदार महेश सिंह, हवलदार दलजीत सिंह, हवलदार विवेक छतरी सहित एनसीसी मुख्यालय रायपुर के अधिकारी एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

# ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगना शुरू, ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में शामिल

## संबंधित थाना क्षेत्रों में ऑटो, ई-रिक्शा चालक को क्यूआर कोड लगाने तलब किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटो, ई-रिक्शा चालकों की संपूर्ण जानकारी सवारियों को मिल सके, इसके लिए शनिवार को शहर के अंदर दौड़ रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो में क्यूआर कोड लगाने का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किया। पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने 50 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाया है। शहर के अंदर चल रहे 15 हजार 47 ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने 10 दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

इसके बाद बगैर क्यूआर कोड चल रहे ई-रिक्शा तथा ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शहर के ट्रैफिक सिस्टम को व्यवस्थित करने 20 मई 2026 को ऑटो, ई-रिक्शा में क्यूआर कोड लगाने पंजीयन करना शुरू किया गया। रिकार्ड समय में ऑटो, ई-रिक्शा का पंजीयन करने पर ट्रैफिक पुलिस का नाम लिम्का बुक रिकार्ड में दर्ज किया गया। ऑटो, ई-रिक्शा की पहचान के लिए ट्रैफिक पुलिस का यह प्रयास देश में पहला है। इसके पूर्व इस तरह का प्रयास किसी अन्य राज्य में नहीं किया गया है।

क्यूआर कोड लगने के बाद सवारी संबंधित वाहन चालक के मालिक, ड्राइवर के अलावा वाहन संबंधित पूरी जानकारी अपने मोबाइल से स्कैन कर हासिल कर सकता है।

पहले दिन 50 ई-रिक्शा में लगा क्यूआर कोड



### व्यवस्था सुधारने ऑड-ईवन लागू करने की जरूरत

शहर के अंदर व्यवस्थित रूप से ऑटो, ई-रिक्शा का संचालन हो, इसके लिए जानकार ऑटो, ई-रिक्शा के लिए ऑड ईवन व्यवस्था लागू करने की बात कह रहे हैं। इस व्यवस्था के तहत अलग-अलग दिनों में गाड़ी नंबर के आखिरी नंबर सम विषम के आधार पर शहर के प्रमुख स्थान पर आवाजाही करने अनुमति देने की बात कह रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र निर्धारित कर ऑटो, ई-रिक्शा चलाने व्यवस्था बनाने की बात जानकर कह रहे हैं।

### ऐसे लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

क्यूआर कोड ऑटो, ई-रिक्शा मालिक, चालक को सीधे देने के बजाय उन्हें अपने ऑटो, ई-रिक्शा लेकर संबंधित थानों में बुलाया जाएगा। वहां ट्रैफिक सिपाही गाड़ी नंबर का मिलान करने के बाद संबंधित गाड़ी में क्यूआर कोड चस्पा करेंगे। क्यूआर कोड सीधे किसी को देने पर गलत गाड़ी में लगाए जाने या गड़बड़ी होने की आशंका है।

## स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में हाहाकार

# एमडी बोले- ज्यादा खपत की शिकायत पर पुराना मीटर लगाकर करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। अब तक 40 लाख से ज्यादा मीटर लग चुके हैं। इस बीच सोशल मीडिया में लगातार इस बात को लेकर हाहाकार मचा हुआ है कि स्मार्ट मीटर में पुराने मीटर से ज्यादा खपत हो रही है। कांग्रेस भी इसको लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। कई उपभोक्ताओं को इस बात की शिकायत है कि उनका बिल पहले से दो से तीन गुना ज्यादा आ रहा है। इस मामले में हरिभूमि से चर्चा करते हुए वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर ने कहा, अगर किसी भी उपभोक्ता को लगता है कि उसका स्मार्ट मीटर ज्यादा खपत बता रहा है, तो ऐसे किसी भी उपभोक्ता के आवेदन पर उसके कनेक्शन में एक पुराना मीटर भी लगाकर जांच की जाएगी। वैसे भी स्मार्ट मीटर में पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ स्मार्ट मीटर लगाकर लगातार जांच हो रही है, किसी में कहीं कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। केंद्र सरकार की योजना के तहत देश के सभी राज्यों में अब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अपने राज्य में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगातार चल रहा है। स्मार्ट मीटरों को लेकर इस बार गर्मी में लगातार यह बात सामने आ रही है कि स्मार्ट मीटर में ज्यादा खपत हो रही है। थोक में उपभोक्ताओं के बिल पहले से ज्यादा आने की शिकायत आम है। सोशल मीडिया में इसको लेकर ज्यादा बवाल मचा हुआ है। इस मामले में कांग्रेस ने भी मोर्चा खोला है और सीधे एमडी तक इसको लेकर शिकायत की गई है।







### कांग्रेस का स्मार्ट मीटर के खिलाफ अभियान

स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने घर-घर जाने का फैसला किया है। इसको लेकर अगले माह से पूरे प्रदेश में अभियान चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर को लेकर एक फार्म भरवाया जाएगा कि स्मार्ट मीटर ठीक नहीं है, इसलिए इसको बदला जाए। कांग्रेस की मांग है कि उप्र में जिस तरह से स्मार्ट मीटरों को बदला जा रहा है, अपने राज्य में भी स्मार्ट मीटर के स्थान पर पुराने मीटर लगाए जाए और तत्काल नए स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए।

### चेक मीटर भी लगे हैं

स्मार्ट मीटरों के लेकर पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटरों को एक तो पहले से चेक किया गया है। इसी के साथ जितने स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उसके अनुपात में पांच फीसदी उपभोक्ताओं के यहां पुराने के साथ ही स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ताओं की पूरी संतुष्टि के बाद ही पुराने मीटर हटाए जा रहे हैं।

### ज्यादा बिल का कारण

ज्यादा बिल को लेकर जो कारण सामने आ रहे हैं, उसमें एक सबसे बड़ा कारण यह है कि बीते साल गर्मी में बिजली बिल हॉफ योजना के कारण चार सौ यूनिट तक खपत पर बिजली बिल हॉफ हो रहा है। इसमें उपभोक्ता की खपत चार सौ यूनिट से ज्यादा होने पर भी उसको लाभ मिलता था, लेकिन बीते साल अगस्त में इस योजना में संसोधन करके पहले सौ यूनिट की खपत पर बिल आधा किया गया। इसके बाद विरोध होने पर इसको बढ़ाकर दो सौ यूनिट पर बिल हॉफ किया गया। इसमें भी शर्त यह है कि खपत चार सौ यूनिट तक होनी चाहिए। गर्मी में ज्यादातर उपभोक्ताओं की खपत चार सौ यूनिट से ज्यादा होने पर बीते साल जो बिजली बिल हॉफ में हजार से 11 सौ रुपए कम हो रहे थे, वो इस बार न होने पर बिल ज्यादा लग रहा है।

### शिकायत पर करेंगे जांच

स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ता की शिकायत होने पर उपभोक्ता के आवेदन पर उसके कनेक्शन के साथ पुराना मीटर लगाकर जांच की जाएगी। स्मार्ट मीटरों के जांच के बाद लगाया जा रहा है। इसमें कोई कमी नहीं है।

- भीम सिंह कंवर
एमडी वितरण कंपनी

# दोपहर में मौसम खराब, दिल्ली रायपुर फ्लाइट की लखनऊ पहुंची, चार घंटे बाद लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 289 यात्री सवार थे, लौटने के बाद सभी ने ली राहत की सांस
- वापसी की उड़ान भी चार घंटे लेट हुई, रात 11 बजे दिल्ली में लैंड

मौसम खराब होने पर विमानों को एहतियातन किसी भी एयरपोर्ट पर लैंड नहीं होने दिया जाता। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही दिल्ली से रायपुर आने वाली 6ई6312 फ्लाइट के साथ हुआ। यह नियमित उड़ान दोपहर 2.25 बजे दिल्ली से शुरू होकर शाम 4.15 बजे रायपुर में समाप्त होती है। अपने निर्धारित समय में फ्लाइट रवाना होकर समय पर रायपुर पहुंची, मगर यहां मौसम खराब था। तेज हवा के साथ चमक रहे बादल और बारिश की वजह से विजबिलिटी कम हो गई थी। खराब मौसम के कारण फ्लाइट के पायलट को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, जिसके बाद उसे नजदीकी एयरपोर्ट मानते हुए लखनऊ रवाना कर दिया गया। फ्लाइट डायवर्ट होने की जानकारी उसमें सवार 289 यात्रियों और क्रू मेंबरों को दे दी गई थी। फ्लाइट वहां काफी देर लैंड रही और यहां से मौसम सामान्य होने की सूचना के बाद उसे वापस रायपुर लाया गया। तब तक करीब चार घंटे बीत चुके थे। सूत्रों के अनुसार रायपुर के आसमान से रवाना हुई फ्लाइट शाम 5:57 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतरी। वहां यात्रियों और क्रू मेंबर्स को कुछ समय तक विमान के भीतर ही इंतजार करना पड़ा। बाद में रायपुर का मौसम सामान्य होने पर विमान को शाम 6:45 बजे लखनऊ से रायपुर के लिए रवाना किया गया था। यात्री जब वापस रायपुर पहुंचे तो उन्होंने राहत की सांस ली। फ्लाइट के विलंब से रायपुर लैंड होने की वजह से उसकी दिल्ली वापसी भी करीब चार घंटे लेट से हुई। वापसी के दौरान यहां फ्लाइट यहां से 4.50 बजे रवाना हो जाती है, मगर आज उसका टेकऑफ 8.46 बजे के आसपास हुआ।




## नियमितीकरण के लिए तय शुल्क पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

# नया नल 10 हजार, नियमितीकरण कराने 20 हजार एकमुश्त जल कर निपटान योजना 16 जुलाई से

*नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई और उन्हें वैध करने विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें सालों से इस्तेमाल कर रहे अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने उपभोक्ताओं को 20 हजार रुपए से ज्यादा राशि का भुगतान करना होगा। वहीं नया नल कनेक्शन लेने पर करीब 10 हजार रुपए का खर्च आएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

16 जुलाई से 15 अक्टूबर तक एकमुश्त जल कर निपटान योजना लाई जा रही है, जिसमें अवैध नल कनेक्शन को निर्धारित शुल्क लेकर नियमितीकरण का मौका मिलेगा। इसके बाद भी अवैध कनेक्शन वैध नहीं कराए गए, तो कनेक्शन काटने की नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने के लिए तय शुल्क पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने ऐतराज जताते हुए कहा है कि सालों से पानी का इस्तेमान कर रहे आम परिवारों से एक साथ इतनी बड़ी राशि वसूलना सही नहीं है। उनका कहना है कि पूववर्ती कांग्रेस की परिषद ने एमआईसी में प्रस्ताव पारित कर मात्र 100 रुपए आवेदन शुल्क और 500 रुपए प्रशसनिक पेनाल्टी शुल्क लेकर 600 रुपए में अवैध नल नियमित करने का मौका दिया था, पर वर्तमान में भाजपा की महापौर और नगर निगम आयुक्त ने अवैध नल को वैध करने 20 हजार रुपए शुल्क लगाया है, यह कैसा न्याय है।

इस तुगलकी आदेश को तुरंत वापस लिया जाए, पूर्ववती कांग्रेस शासन के 600 रुपए जुर्माना वाले जन हितैषी नियम को लागू करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने मांग की है कि नगर निगम के सभी 10 जोन में अवैध नल कनेक्शन नियमितीकरण के लिए शिविर लगाकर सबको मौका दिया जाए, तब तक एक भी नल कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने शहरी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पानी के बिल में महंगाई, यूजर चार्ज में बढ़ोतरी और अब नल कनेक्शन पर ट्रिपल अटैक बंद किया जाए। नगर निगम रायपुर एक लोक कल्याणकारी संस्था है, न कि केवल टैक्स वसूली की।

### कांग्रेस की परिषद ने 100 रुपए शुल्क 500 रुपए जुर्माना लेकर चलाई थी मुहिम






### 90 दिन की मोहलत, फिर होगी सख्त कार्रवाई

*नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके नल कनेक्शन निगम के रिकार्ड में दर्ज नहीं हैं, वे इस योजना का लाभ उठाकर वैध करा लें। इसके लिए उन्हें 90 दिनों की अवधि दी जा रही है। योजना की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध नल कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें काटने के साथ ही दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू की जाएगी।*

### घरेलू नल कनेक्शन वैध कराने देने होंगे 20,882 रुपए

*योजना के तहत आधा इंच के घरेलू कनेक्शन के नियमितीकरण के लिए 5 हजार रुपए नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए वैध कनेक्शन शुल्क देना होगा, यानी कुल 20,882 रुपए जमा करने होंगे। वहीं आधा इंच के व्यावसायिक नल कनेक्शन के लिए 15 हजार नियमितीकरण शुल्क और 15,882 रुपए कनेक्शन शुल्क मिलाकर कुल 30,882 रुपए जमा करने होंगे। निगम प्रशासन ये स्पष्ट किया है कि पूरी राशि एकमुश्त जमा करनी होगी। इसके अलावा नल कनेक्शन से संबंधित संपति की यूनिक आईडी से लिंक करना और निर्धारित प्रारूप में अनुबंध करना भी अनिवार्य होगा।*

### 90 हजार नल कनेक्शन रिकार्ड से बाहर

*नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक रायपुर शहर में करीब 3.50 लाख संपतियां हैं, लेकिन निगम के रिकार्ड में केवल 2.21 लाख वैध नल कनेक्शन ही दर्ज हैं, यानी करीब 90 हजार संपतियों में ऐसे नल कनेक्शन हैं, जो निगम के रिकार्ड में नहीं हैं, लेकिन लंबे समय से वे पानी की सुविधा का इस्तेमाल धड़ल्ले से कर रहे हैं। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने कहा है, अवैध नल कनेक्शनों के कारण नगर निगम को जल शुल्क के रूप में राजस्व का नुकसान हो रहा है, इसे देखते हुए सभी जोन कार्यालयों में ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर नियमितीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।*

# एआई वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी देवताओं का बताया पिता, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- *फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर करीब 50 से ज्यादा एआई वीडियो पोस्ट किए गए हैं*
- *सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने धार्मिक भावना भड़काने सहित अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया*

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 50 से ज्यादा एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फेसबुक पर अपलोड किए गए इन वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक और भ्रामक दावे किए गए हैं। अपलोड किए गए वीडियो में लाखों व्यू मिले हैं। पोस्ट किए गए आपत्तिजनक वीडियो से नाराज बंजरंगदल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाना पहुंचकर अपत्ति दर्ज कराई। हिंदू संगठन की आपत्ति पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धार्मिक भवनाएं आहत करने के साथ अन्य गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए वीडियो में ईसा मसीह को हिंदू देवी-देवताओं का पिता बताए जाने का दावा किया गया है। इसे हिंदू संगठनों ने भगवान का अपमान बताया और वीडियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फेसबुक पर फ्राम हेवन टू अर्थ नाम के पेज पर वीडियो पोस्ट किए गए हैं, जिन पर लाखों व्यू हैं। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी ने आरोप लगाया कि मसीही समाज से जुड़े कुछ लोग जानबूझकर हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पोस्ट कर रहे हैं। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर उन्होंने आने वाले दिनों में आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।



### वायरल वीडियो में ईसा समीह को बताया गया शक्तिशाली

*सोशल मीडिया में जो एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया है, उसमें कथित तौर पर भगवान शिव और भगवान विष्णु के ईसा मसीह को अपना पिता बताते हुए दिखाया गया है। वहीं, भगवान राम को ईसा मसीह से उपदेश लेते और भगवान हनुमान से उन्हें सबसे शक्तिशाली बताते हुए दर्शाया गया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने फेसबुक में पोस्ट किए गए हिंदू देवी देवताओं के एआई वीडियो को पुलिस से तत्काल डिलीट कराने की मांग की है।*

# बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रायपुर में कंपनी के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच का गठन किया गया। उपस्थित सभी संगठनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाली की एक सूत्रीय मांग को लेकर अंतिम निर्णय तक संयुक्त एवं चरणबद्ध संघर्ष किया जाएगा।



बैठक में निर्णय लिया गया, अधिकार मंच के संचालन एवं आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए सभी 12 संगठनों से दो-दो प्रतिनिधियों की समिति गठित की जाएगी, जिसमें एक प्रतिनिधि का एनपीएस धारक कर्मचारी होना अनिवार्य रहेगा। समिति की अगली बैठक आगामी सप्ताह आयोजित होगी, जिसमें आंदोलन की विस्तृत रणनीति तैयार की जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया, 6 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू करने संबंधी दी गई सैद्धांतिक सहमति के आधार पर कंपनी प्रबंधन को आवश्यक निर्देश जारी कराने हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही अधिकार मंच के माध्यम से प्रांतीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन, जनजागरण अभियान एवं संघर्ष कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की जाएगी। बैठक में मनोज वर्मा एवं शशांक श्रीवास्तव, सुशील यदु, श्रीकांत बड़गैया, आर.सी. चेट्टी एवं सुरेंद्र शुक्ला, अनिल द्विवेदी, अजय बाबर, संजय तिवारी, नवरतन बरेठ, एनपी मिश्रा, राम इकबाल, आरएल ध्रुव एवं हर्षवर्धन पाटले, जितेंद्र मालाकार, श्रीकांत सिंह ठाकुर, जीतराम खूंटे नरेश भास्कर, डॉ. निलेश सिंह, गोपाल गोहिल, धर्मेंद्र देवांगन, योगेंद्र कश्यप सहित सभी संगठनों के कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप



### रामसागरपारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय माध्यमिक शाला रामसागरपारा संकुल पटेवा में शनिवार को नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच आशा बाई ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति से दिनेश यादव, उमाशंकर, पितर ध्रुव, गोपाल यादव, तानसिंह, अमारू, द्रोपती यादव, पंचायत पंच कामिन ठाकुर आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का स्कूल ड्रेस एवं खीर पूरी खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक ऋषि पटेल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, शिक्षक मुरलीधर निषाद, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, विद्यार्थियों एवं महिला समूह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन शिक्षक रविकांत गोस्वामी ने किया।

### नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**कांकेर।** सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज कांकेर परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शनिवार को भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न कोर्स के प्रशिक्षु जवान तथा आसपास के गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने भगवान हनुमान से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ोकुर्से थानांतर्गत सुरूंगदोह के खेत कि ओर हल्बा निवासी 22 वर्षीय लव कुमार बेलसरिया पिता स्व. अखिल प्रसाद बेलसरिया का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। शीतलापारा सुरूंगदोह निवासी बिनेश कुमार ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 25 जून को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### उत्साहपूर्वक मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र सुखीपाली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना तथा शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य राधा टिकेलाल पटेल, ग्राम पंचायत सुखीपाली सरपंच सुरोति विष्णु बुडेक, उपसरपंच भोगीलाल पटेल, बीआरसीसी नरेश पटेल, प्रदीप कर, प्रभारी प्राचार्य अंशुमन टांडी तथा संकुल समन्वयक अशोक कुमार पटेल उपस्थित रहे।

**न्यायालय :- श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

दादूराम साहू.........................वादी

बनाम

दल्लु राम साहू वगैरह...........प्रतिवादीगण

व्य.प्र.क्र 41-अ/2025
पेशी तारीख 10.07.2026
प्रोसेस क्र.- 08/26

प्रति, आरती साहू पिता दल्लु राम साहू पति अशोक साहू निवासी मकान नं. 800 पलारी रोड, वार्ड नं. 14 पलारी, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**नोटिस/समंस**

इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवादीगण जो इस प्रकरण से संबंधित हैं के विरूद्ध एक व्यवहार वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आपको प्रतिवादी क्रमांक 04 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 10.07.2026 को नियत है।

अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

यह आज दिनांक 23.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(कु.श्रेया तुलावी)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

# अर्जुनी अंचल में दिन-रात हो रही बिजली कटौती, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अर्जुनी अंचल में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती से आमजन का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दिन के साथ-साथ रात में भी लगातार हो रही बिजली की आंख-मिचौली ने ग्रामीणों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। उमस भरी गर्मी और बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। कई बार कुछ ही मिनटों के अंतराल में बिजली आती-जाती रहती है, जिससे विद्युत उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। रात के समय बिजली बंद होने से बच्चों बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों के प्रकोप और उमस के कारण लोगों की नींद तक हराम हो गई है। बिजली की अनियमित आपूर्ति का असर केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक ही सीमित नहीं है बल्कि किसानों छोटे व्यापारियों और विद्यार्थियों पर भी पड़ रहा है। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है वहीं दुकानदारों और छोटे उद्योगों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से न तो कटौती का कोई निर्धारित समय बताया जा रहा है और न ही शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया जा रहा है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

## शिकायत दर्ज कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद की जाए। बिजली आपूर्ति का निर्धारित समय सार्वजनिक किया जाए। बार-बार होने वाले ट्रिपिंग और फॉल्ट की स्थायी व्यवस्था की जाए।उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में जेई अभिषेक लकड़ा ने कहा कि आंधी-तूफान आने पर ही लाइट बंद किया जाता है अभी तक किसी भी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने शिकायत नहीं की है।




### विद्युत व्यवस्था में सुधार करें

जिससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग तत्काल अघोषित कटौती पर रोक लगाए विद्युत व्यवस्था में सुधार करे तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया

# विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव : महेंद्र मोनू साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासकीय हाईस्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक शाला साराडीह में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष श्री सुरेन दास भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा आधार है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों का दूसरा घर है, जहाँ उन्हें ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और जीवन के वास्तविक मूल्यों की शिक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की मजबूत नींव रखने का उत्सव है और शिक्षा के माध्यम से ही आत्मनिर्भर एवं सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व उपाध्यक्ष मनोज आडिल, सरपंच झुमुक लाल साहू, प्राचार्य राजकुमार साहू, संकुल समन्वयक मनोज कुमार गायकवाड़, सरोज साहू, नंदनी घृतलहरे, लखन लाल वर्मा, हीरा लाल वर्मा, योगेश कुमार ध्रुव, छन्नू लाल ध्रुव, महेंद्र मारकंडे, रजनी बंजारे, भूमिका वर्मा, अंजुलता पाठक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यगण, समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल गनियारी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**खरोरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम गनियारी में 27 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच संतोषी राजेंद्र निर्मलकर, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र निर्मलकर, पंचायत सचिव राकेश साहू एवं एसएमडीसी सदस्य भागीरथी वर्मा एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक, गुलाल एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा सरपंच के हाथ से नवप्रवेशी बच्चों को अभ्यास पुस्तिका और पेंसिल बॉक्स दिया गया। प्राचार्य केएल टोप्पो के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं पूर्व वर्ष में अध्ययनरत कक्षा10 वी एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के बारे में सराहना की। इसके अलावा शिक्षकों को भी प्रोत्साहित किया गया। ग्राम सचिव महोदय के द्वारा अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन माया खिचरिया के द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान दिया।

## मोहरा स्कूल के प्रवेश उत्सव विद्यार्थियों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

सिमगा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मोहरा में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पाठ्यपुस्तकें वितरित कर विद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष मंतराम जांगड़े, सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, भाजपा नेता शिव कटारिया, राजेश कुमार वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, डिगेश्वर यदु, आर.के. सरसिहा, पूर्व समिति अध्यक्ष बोधराम वर्मा, प्राचार्य के पी राय, रेखा वर्मा, डीपी वर्मा, अनुजा बंजारे, प्रेम नारायण नायक, के के कटारिया, एसके वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय आने तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही जीवन को नई दिशा देती है और प्रत्येक छात्र-छात्रा को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। शाला परिवार एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय स्टाफ ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## शक्ति केन्द्र केसला में सुना गया मन की बात का 135वां एपिसोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केन्द्र केसला में रविवार को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम /"मन की बात/" के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के विकास, सामाजिक सहभागिता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, युवाओं की भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रेरणादायक विषयों पर व्यक्त विचारों को सभी ने गंभीरता से सुना। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र प्रभारी सचिन अग्रवाल, शक्ति केन्द्र संयोजक शिवलाल देवांगन, सह संयोजक ललित टंडन, अनुसूचित जाति/जनजाति उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गेंड्रे, बूथ अध्यक्ष शंकर देवांगन, कामता प्रसाद देवांगन, भुनेश्वर सिन्हा एवं बिरेंद्र बंजारे सहित शक्ति केन्द्र के सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## खर्वे घटना पर मृतक के परिजनों से मिले भाजपा प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कसडोल



विदित हो कि कसडोल क्षेत्र के ग्राम पंचायत खर्वे में जहरीली शराब के सेवन से हुई हृदयविदारक घटना, जिसमें लगभग तीन माह के भीतर 8 लोगों की असामयिक मृत्यु हो गई है। इस दुःखद घटना के उपरांत आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े एवं भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी सहित मंडल के प्रमुख पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण ने ग्राम खर्वे पहुँचकर शोकाकुल परिवारों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी तथा इस कठिन समय में परिवारजनों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े जी ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही प्रशासन से निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को शीघ्र कठोर दंड दिलाने की मांग करने का बात कही गई। इस अवसर पर श्याम बाई साहू पूर्व प्रदेश मंत्री, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत, रामचंद ध्रुव जिलाध्यक्ष अनु जनजाति, राजकुमार जायसवाल पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अंजीव जायसवाल मंडल अध्यक्ष कटगी, व्यास श्रीवास सभापति जनपद पंचायत, शिला वर्मा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, गोटिलाल साहू एल्डरमेन, राजेन्द्र श्रीवास एल्डरमेन, हितेश रात्रे प्रदेश पदाधिकारी, दिलहरण जायसवाल जिला प्रतिनिधि, राजेश साहू अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित भाजपा कार्यकर्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## धौराभाठा घो में शाला तिलक लगाकर नए बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला धौराभाठा घो में 27 जून को शाला प्रवेश उत्सव और नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया जिसमें ग्राम सरपंच धान बाई साहू, संकुल समानवयक वीरेंद्र कोशले, प्रधान पाठक फिरत राम बघेल व मदन लाल लहरे शिक्षक छात्रसाल बंजारे, शशि भूषण पटेल, जागेश्वरी पटेल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व गांव के नागरिक माताएँ सभी रसोइया सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** किशोरी से इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी को धमकी देने के आरोप में पुलिस ने कबीर नगर निवासी सोहेब सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई। किशोरी की मां ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री से आरोपी इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर उससे अश्लील फोटो हासिल कर ब्लैकमेल कर रहा था।

## 303 बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0से 5वर्ष आयु के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलायी गई। अर्जुनी के तीन बूथ में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 121, गांधी चौक 102, बजरंग चौक 80 सहित 303 बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलायी गई। अभियान में 29 जून से 30 जून तक स्वास्थ्य विभाग एवं मितानीन के द्वारा पोलियो की ड्राप से वंचित रहे बच्चों को घर -घर जाकर पोलियो की दो बूंद खुराक पिलायी जायेगी। इस अभियान में दीप निषाद, मोतिन वर्मा, अंजू साहू, सुषमा साहू, मीना साहू, रुखमणि वर्मा, बिंदा भसगौरी, रेखा रजक, सरोज साहू, टीआर ध्रुव सहित मितानीन उपस्थित थे।

### महेश बारले ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की



**पलारी।** जिंदगी की दो बूंद पल्स पोलियो अभियान ग्राम दतान (प) में 28 जून को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में पूर्व सरपंच महेश बारले ने जयांश व अन्य बच्चो को पल्स पोलियो पिलाया गया। इस अवसर पर मितानिन सुनीति वर्मा, मधु वर्मा, सेवती वर्मा, निर्मला साहू उपस्थिति थी।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
हड्डी, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से सायकल सवार घायल हो गया। घटना ग्राम लाफिनखुर्द की है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खिलेंद्र साहू ने बताया कि 25 जून को वह निजी काम से महासमुंद आया था, तभी फोन से सूचना मिली कि तुम्हारे बेटे भोजराज साहू का गौठान के पास एक्सीडेंट हो गया है। जब वह गौठान के पास गया तो देखा भोजराज को बाएं जांघ में, मस्तक में तथा सिर में चोट लगा था। उसने पूछने पर बताया कि वह अपने सायकल से सुबह बस्तीपारा सामान खरीदने दुकान गया था, सामान खरीद कर करीब 11.30 बजे वापस घर जा रहा था, तभी चिंगरौद रोड चंदन किराना स्टोर के सामने मोटर सायकल टीवीएस राईडर क्र सीजी 04 क्यूडब्लू 6065 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### शराब बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति जम्हारी रोड केंदूमुड़ी के आगे पुलिया के पास शराब बेचने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचेकर पुलिस ने संदेही को पकड़ा। जिसने पूछताछ करने पर अपना नाम रितेश उर्फ चीकू भारती पिता साहेबराम भारती (23 साल) नूनपानी होना बताया। तलाशी के दौरान संदेही के कब्जे से 03 बोरियों में कुल 130 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 26 हजार रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने आरोपी सिरमणी रात्रे पिता खेदुराम रात्रे (38 साल) ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर के कब्जे से ढाबाखार से ननकुसियाडीपा सावित्रीपुर जाने का मार्ग नाला से करीबन 13 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2600 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मछली कारोबारी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, मौत

**नगरी।** नगरी-गरियाबंद मार्ग पर एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मछली व्यवसाय से जुड़े एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत है। मिली जानकारी के अनुसार विपलभ मंडल लगभग 55 वर्ष पिता मनोरंजन मंडल मूल निवासी कोलकाता पिछले लगभग 7-8 वर्षों से ग्राम बोईरगांव दर्रीपारा जिला गरियाबंद थाना मैनपुर में रह रहे थे। वे चुम्मन यादव पिता कार्तिक यादव के साथ नगरी में मछली व्यवसाय करते थे। इनका सिहावा रोड पर एमएम फिश नाम से दुकान संचालित होने की जानकारी सामने आई है।

## निधन

### आसीन रजक

**अर्जुनी।** ग्राम मोपर निवासी आसीन रजक उम्र 90 वर्ष का निधन 28 जून को हो गया है।



जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया। वे डॉ. पोषण रजक, किशोर रजक की मां और राघव रजक की दादी थी। धोबी समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

### गोविंद प्रसाद

**भैंसा।** ग्राम करमा निवासी स्वर्गीय गोविंद प्रसाद सिरमौर पिता स्वर्गीय अशोक कुमार सिरमौर उम्र लगभग 45 वर्ष का निधन शनिवार को हो गया। वे शिक्षक के रूप में शासकीय स्कूल भैंसा में पदस्थ थे। उक्त अवसर पर शिक्षक को श्रद्धांजलि देने छात्र-छात्राओं सहित ग्राम करमा (भैंसा) वासी सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

## टीकाकरण : जिले में 1.40 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

# बच्चों को पिलाई गई पोलियो ड्रॉप, 840 बूथों पर उमड़े पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत 28 जून को जिला अस्पताल, बलौदाबाजार में अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं योगेश अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि,भारत 27 मार्च 2014 से पोलियो मुक्त घोषित है और लगातार 12 वर्षों से पोलियो-मुक्त स्थिति बनाए रखी गई है। फिर भी पड़ोसी देशों में वाइल्ड पोलियो वायरस के प्रसार को देखते हुए पोलियो मुक्त स्थिति को बनाए रखने के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के सभी स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पर्यवेक्षक और संबंधित विभाग पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को मिलाकर कुल 840 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं तथा इतनी ही टीमों का गठन किया गया है। अभियान में जिले में 1,40,879 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस सभी निर्धारित बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई है। इसके उपरांत अगले दो दिनों तक मॉप-अप राउंड के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर भ्रमण करेंगी तथा प्रथम दिवस में छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना सुनिश्चित करेंगी। डॉ. अवस्थी ने बताया कि अभियान की व्यापक सफलता के लिए जिले में सभी प्रकार के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मुनादी भी कराई गई है, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखें।

■ जिला अस्पताल में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ





## सरपंच लखन लाल ने बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

**सेल।** ग्राम पंचायत मडकड़ा के सरपंच ने बच्चों को पल्स पोलियों का ड्राप पिलाया गया। दो बूंद का जिंदगी हैं। पल्स पोलियों का ड्राप पिलाने का गुर सीखे सरपंच लखन लाल यादव जिसमें मितानीन और डॉक्टर के मौजूदगी में शासन का निर्देशन के अनुसार सुबह से शाम तक पल्स पोलियों का ड्राप पिलाया गया हैं। रविवार को छोटे छोटे बच्चों को पल्स पोलियों का ड्राप पिलाया गया हैं। दो बूंद का जिंदगी हैं। शून्य वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियों पिलाया गया हैं। हर गांव में पल्स पोलियों पिलाया गया । एक सप्ताह तक पल्स पोलियों का अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह से ग्राम पंचायत मड़कड़ा भवन में पल्स पोलियों पिलाया गया जिसमें सरपंच लखन लाल यादव, डॉक्टर, मितानिन उपस्थित हुए थे। रविवार को शुरुआत किया गया है।



## 15 हजार बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा, अब 38 हजार घरों में दस्तक



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के पहले दिन पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई गई। अभियान के दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

अभियान का शुभारंभ सरपंच प्रेमिन बाई लहरें एवं उपसरपंच फागू राम सेन ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, जिससे हर बच्चा पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सके और समाज को पोलियो मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा हो। पलारी विकासखंड की कुल 2 लाख 44 हजार 239 जनसंख्या के बीच 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 17 हजार 835 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले दिन 160 बूथों पर लगभग 15 हजार बच्चों को दवा पिलाई गई। अब दूसरे दिन से स्वास्थ्य विभाग की टीमें 38 हजार 167 घरों तक पहुंचकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करेंगी। पूरे विकासखंड को दतान, गिधपुरी, जर्वे, कोसमंदी, लक्षनपुर और ओड़ान सहित छह सेक्टरों में विभाजित किया गया है। अभियान में 131 गांव और 2 नगर पंचायतों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए 33 उप स्वास्थ्य केंद्र, 3 रिपीटिंग स्वास्थ्य केंद्र, 160 बूथ, 450 टीम सदस्य, 27 पर्यवेक्षक तथा 3 ट्रांजिट टीमों की तैनाती की है। बस स्टैंड, प्रमुख मार्गों और अन्य आवागमन वाले स्थानों पर भी विशेष टीमें लगाई गई हैं।

### हर बार खुराक लेना है जरूरी : बीएमओ

बीएमओ डॉ. पंकज वर्मा ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि यदि बच्चों को पहले भी कई बार पोलियो की दवा पिलाई जा चुकी है, तब भी इस अभियान के दौरान उन्हें दवा अवश्य पिलाएं। पोलियो से स्थायी सुरक्षा के लिए हर बार पोलियो की खुराक लेना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रेमिन बाई लहरें, उपसरपंच फागू राम सेन, सरपंच प्रतिनिधि जगदीश लहरें, मितानिन देवकी साहू, अनुपी साहू, मीनाक्षी साहू, दुलारी साहू, केजा बाई निषाद, एवन लाल देवदास, जानकी देवदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 28 से 30 जून 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाने की अपील की।



## खरोरा के विभिन्न वार्डों में बच्चों को दी गई पोलियो की खुराक

**खरोरा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज नगर पंचायत खरोरा के विभिन्न वार्डों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करने के लिए दवा पिलाई गई। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वार्ड पार्षदों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में नगर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने मुख्य भूमिका निभाई केंद्रों पर सुबह से ही दवा पिलाने के लिए पालकों और बच्चों की भीड़ जुटने लगी थी। कार्यकर्ताओं ने न केवल केंद्रों पर आए बच्चों को दवा पिलाई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और पार्षदों ने वार्ड वासियों से अपील की कि वे 5 वर्ष तक के अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं, ताकि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प को मजबूती दी जा सके। नगर पंचायत की अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी के नेतृत्व में विभिन्न केंद्रों का दौरा किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि नगर के सभी नौनिहालों को इस सुरक्षा चक्र में शामिल करना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से सुमित सेन, पुणेंद्र पाध्याय, शरद साहू, पंचराम यादव और यशवंत वर्मा सहित स्थानीय वार्ड पार्षद विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## अधिवक्ता एवं पार्षद ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव के साईं मंदिर चौक में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। दो बूंद हर बार पोलियो पर जीत बरकरार राष्ट्रीय पोलियो अभियान के अंतर्गत आज भटगांव में बच्चों को पोलियो की जीवनरक्षक खुराक पिलाकर उनके स्वास्थ्य सुरक्षित और उज्जवल भविष्य के संकल्प को सशक्त किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता एवं पार्षद प्रवेश दुबे ने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर पार्षद प्रवेश दुबे ने ने कहा कि भटगांव सहित पूरे जिले में विभिन्न बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे। तथा उन्होंने अपील भी की 0 से 5 वर्ष का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे सब बच्चे पोलियो की दो बूंद अवश्य पीएं।



## बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

**लवन।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस पर 0 से 5 वर्षों के नव निहाल बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर नगर के पूर्व पार्षद अजय ताम्रकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रमशिला साहू, कविता पाण्डेय, मितानिन श्रीमती शर्मा के समकक्ष दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई और अपने संदेश में कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जो बच्चों में स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक देना है। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना बेहद जरूरी है, ताकि कोई भी बच्चा इस बीमारी के विरुद्ध सुरक्षा से वंचित न रहे।



## बीएमओ ने स्वयं पिलाई बच्चो को दवा

**भाटापारा।** पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग कि टीम शहर सहित पूरे ब्लाक के स्वास्थ्य केन्द्रों मे दवा पिलाई ,सिविल अस्पताल के स्टोर प्रभारी नितिन डहरिया ने बताया कि पूरे ब्लाक में 28000 हजार बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमे दवा पिलाने के लिए बनाए गए 170 बूथो और ट्रांजिट मिलाकर 20370 बच्चों को पोलियों की खुराक दी गई। इस दौरान बीएमओ डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने स्वयं बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।



## पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का शानदार आयोजन

# विद्यार्थियों ने सीखा प्रकृति संरक्षण का पाठ, लगाए सीड बॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशन में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में युवान कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए वन भ्रमण, सीड बॉल रोपण, बीज रोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षा ऋतु में प्राकृतिक वन पुनर्जनन को बढ़ावा देना तथा युवाओं को जल, मृदा एवं जैव विविधता संरक्षण से जोड़ना है। वन विभाग द्वारा विभिन्न वन परिक्षेत्रों में ऐसे नालों एवं क्षेत्रों का चयन किया गया है, जहां स्थानीय प्रजातियों के बीजों के माध्यम से सीड बॉल एवं बीज रोपण कर प्राकृतिक पुनर्जनन को प्रोत्साहित किया जा सके। वहीं मिट्टी कटाव वाले क्षेत्रों में स्थानीय घास एवं अन्य उपयुक्त प्रजातियों के रोपण से मृदा एवं जल संरक्षण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। बारनवापारा, देवपुर, सोनाखान, बलौदाबाजार एवं कोठारी वन परिक्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 350 से 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वन एवं वन्यजीवों का महत्व, जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, जल एवं मृदा संरक्षण तथा मानव जीवन में वनों की उपयोगिता की जानकारी दी गई।





### *अधिक से अधिक पौधे लगाने का लिया संकल्प*

*इस दौरान विद्यार्थियों को स्थानीय फलदार एवं उपयोगी प्रजातियों के सीड बॉल तैयार करने और उनके रोपण की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही औषधीय पौधों की पहचान, प्राकृतिक वन पुनर्जनन की प्रक्रिया तथा मृदा कटाव रोकने के उपायों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।*

*वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि युवान कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल प्रकृति से परिचित कराना नहीं, बल्कि उन्हें जल, मृदा एवं जैव विविधता संरक्षण की व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़कर भविष्य का जिम्मेदार प्रकृति संरक्षक बनाना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को नई मजबूती मिलेगी।*

## शिवसेना के संतोष यदु बने प्रदेश संगठन महामंत्री

**बलौदाबाजार।** शिवसेना ने संगठन विस्तार के तहत संतोष यदु को छत्तीसगढ़ का प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। पार्टी सुप्रीमो एकनाथ शिंदे एवं प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार की अनुशंसा पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। लंबे समय बाद शिवसेना में लौटे संतोष यदु की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि उनके नेतृत्व से संगठन को प्रदेशभर में नई मजबूती मिलेगी तथा गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के मुद्दों को लेकर जनआंदोलन को गति मिलेगी। संगठन विस्तार के तहत ठाकुर ओंकार सिंह गहलौत को प्रदेश संगठन मंत्री, मुकेश साहू एवं शिवचंद निर्मलकर को जिला महासचिव, अभय राम यादव, मनोज यदु, मुकेश कुमार साहू एवं अनिल वर्मा को जिला सचिव बनाया गया है। वहीं घनाराम साहू को शक्ति ग्रामीण जिला प्रभारी, सतीश राठौर को कोरबा जिला प्रभारी, सूर्यप्रताप साहू को कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष तथा मेलन यादव को सुहेला ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया है।

